CIN : U93000DL1989NPL034967

**नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन**

(भारत सरकार का उपक्रम)

**NATIONAL SCHEDULED CASTES FINANCE AND DEVELOPMENT CORPORATION**

(A Government of India Undertaking)

एनएसएफडीसी/सचि/28वीं वाआबै/1886–1896 22 सितंबर, 2017

# नोटिस

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की 28वीं वार्षिक आम बैठक 29.09.2017 (शुक्रवार) को दोपहर 12:00 बजे सम्मेलन कक्ष, रूम सं. 603, 'ए' विंग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली–110001 में निम्नलिखित कार्य संपन्न करने के लिए होगी:

**सामान्य कार्य**

1. 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका, निदेशकों की रिपोर्ट और सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों और प्रबंध समिति के उत्तर पर विचार करना, अपनाना और निम्नलिखित संकल्पों को संशोधन सहित अथवा बिना संशोधन के साधारण संकल्प के रूप में पास करना:

   "**संकल्प किया जाता है कि** 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणिका, निदेशकों की रिपोर्ट और सांविधिक लेखापरीक्षक की रिपोर्ट, उस पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों और प्रबंध समिति के उत्तर को प्राप्त किया, विचार किया और अपनाया।"

2. निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए निगम के सांविधिक लेखापरीक्षक के पारिश्रमिक पर विचार करने और बिना संशोधन के एक साधारण संकल्प के रूप में पास करना;

   "**संकल्प किया जाता है कि** वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा नियुक्त मैसर्स माथुर गुप्ता एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट, नई दिल्ली को 1,25,000/– रुपए वार्षिक (समग्रतः सेवाकर अतिरिक्त) की सांविधिक लेखापरीक्षक की फीस निर्धारित की जाती है।"

**कृते निदेशक मंडल के आदेशानुसार**

(अन्नु भोगल)
**कंपनी सचिव**

**स्थान : दिल्ली**
**दिनांक : 22.09.2017**

**टिप्पणी:**

बैठक में भाग लेने एवं वोट देने के लिए अधिकृत सदस्य को अपने स्थान पर किसी प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने के लिए एवं अपने स्थान पर परोक्षी नियुक्त करने का अधिकार है। परोक्षी को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। (परोक्षी फार्म संलग्न है)।

पंजीकृत एवं प्र.का. : 14वीं मंजिल, कोर 1 और 2, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर जिला केंद्र, दिल्ली–110092
Regd. & H.O.: 14th Floor, SCOPE Minar, Core - 1 & 2, Laxmi Nagar District Centre, Laxmi Nagar, Delhi-110092
दूरभाष/Phone: 22054391, 22054392, 22054394, 22054396 फैक्स/Fax : 22054395, 22054349
ई–मेल/E-mail : support-nsfdc@nic.in website: www.nsfdc.nic.in

# कंपनी सूचना

**निदेशक मंडल (2016–17)**

**श्री श्याम कपूर**
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(29.07.2016 से)

**श्री रबीन्द्र कुमार सिंह**
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
(दिनांक 31.08.2013 से 29.07.2016 तक)

**श्री बी.एल. मीणा**
(दिनांक 04.06.2015 से)

**श्रीमती आइन्द्री अनुराग**
(दिनांक 04.06.2015 से)

**श्रीमती टी.सी.ए. कल्याणी**
(दिनांक 14.01.2016 से)

**श्री गुलाब सिंह**
(दिनांक 26.08.2014 से)

**श्री एस.एम. आवले**
(दिनांक 04.06.2015 से)

**श्री ललित मौर्य**
(दिनांक 21.10.2015 से 25.01.2017 तक)

**कंपनी सचिव**
श्रीमती अन्नु भोगल

**सांविधिक लेखापरीक्षक**
**मैसर्स माथुर गुप्ता एंड एसोसिएट्स,**
सनदी लेखाकार,
401, अंसल्स प्रगति दीप,
लक्ष्मी नगर वाणिज्यिक कॉम्पलेक्स,
दिल्ली–110 092

**बैंकर्स**
सिंडिकेट बैंक, दिल्ली
केनरा बैंक, दिल्ली / मुंबई / कोलकाता / बेंगलूरू
भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली
कॉर्पोरेशन बैंक, दिल्ली
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली
पंजाब नेशनल बैंक, दिल्ली
विजया बैंक, दिल्ली
इंडियन ओवरसीज बैंक, दिल्ली
इलाहाबाद बैंक, दिल्ली
आईडीबीआई, दिल्ली
बैंक ऑफ बड़ौदा, दिल्ली
बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली
आंध्रा बैंक, दिल्ली
पंजाब एंड सिंध बैंक, दिल्ली
सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली
ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, दिल्ली

**पंजीकृत कार्यालय**
नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन
(भारत सरकार का उपक्रम)
14वीं मंजिल, स्कोप मीनार, कोर 1 व 2,
लक्ष्मी नगर जिला केंद्र,
लक्ष्मी नगर, दिल्ली – 110 092.



# 29 सितंबर, 2017 को एनएसएफडीसी की 28वीं वार्षिक आम बैठक पर अध्यक्षीय संदेश

**प्रिय सदस्यगण,**

निदेशक मंडल की ओर से मैं निगम की 28वीं वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करता हूं। मैं इस विशिष्ट अवसर पर अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आपका हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

आप सभी सदस्यों को 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा–परीक्षित वार्षिक लेखे, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों को पहले ही परिचालित कर दिया गया है और आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ा समझूंगा।

आपको सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आपके निगम ने इस बार भी सरकार के साथ हस्ताक्षरित समझौता–ज्ञापन 2015–16 के तहत अपनी 'उत्कृष्ट रेटिंग' को बनाए रखा है। 31 मार्च, 2017 को आपके निगम की प्राधिकृत अंश पूंजी 1500.00 करोड़ रुपए थी और प्रदत्त अंश पूंजी 1218.02 करोड़ रुपए थी।

- **मुख्य उपलब्धियां**

**प्रस्ताव की स्वीकृति**

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने, योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एससीए/सीए को 500.00 करोड़ रुपए के लक्ष्य (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) की तुलना में 550.90 करोड़ रुपए के मूल्य के प्रस्ताव स्वीकृत किए।

**संवितरण और लाभार्थी**

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने, 25 राज्यों और 3 संघ शासित क्षेत्रों में 82,105 लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए योजनाएं कार्यान्वित करने हेतु एससीए/सीए को 478.98 करोड़ रुपए संवितरित किए।

**कौशल विकास कार्यक्रम**

आपका निगम, नवीन उभरते हुए क्षेत्रों में लक्ष्य समूह के बेरोज़गार युवाओं के लिए रोजगार का अवसर प्रदान करने वाले कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रायोजित करता है। ये कार्यक्रम वेतन नियोजन के लिए उद्योगों के साथ संबंध रखने वाले प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने 17,008 प्रशिक्षणार्थियों के लिए कौशल प्रशिक्षण आयोजित किए, जिनमें से 5,929 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण पूर्ण किया (वर्ष 2015–16 में मंजूर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से 5142 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण पूर्ण किया)। प्रशिक्षणार्थियों को नियोजन सहायता और स्व–व्यवसाय शुरू करने के लिए उद्यमिता मार्गदर्शन भी दिया गया।

- **विशेष पहल**

2016–17 के दौरान, आपके निगम ने अपनी गतिविधियों को और बढ़ाने तथा सुदृढ़ करने के लिए विशेष पहलें की हैं, उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

**(i) नए चैनल पार्टनरों को जोड़ना**

अपनी पहुंच को बढ़ाने के लिए, विशेषतः ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां अनुसूचित जाति की जनसंख्या लगभग 76.4% है, आपके निगम ने विद्यमान राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों (एससीए) के अलावा वैकल्पिक चैनल पार्टनरों के साथ करार हस्ताक्षरित किए हैं। आपके निगम ने सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों नामतः केनरा बैंक, विजया बैंक और देना बैंक तथा 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), जिसमें असम ग्रामीण विकास बैंक, पल्लावन ग्रामा बैंक, पंजाब ग्रामीण बैंक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यवर्त, पांडयनग्रामा बैंक, मध्यांचल ग्रामीण बैंक, आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक, पुडुवई भरतियार ग्रामा बैंक, कावेरी ग्रामीण बैंक, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक, सतलुज ग्रामीण बैंक, नर्मदा झबुआ ग्रामीण बैंक, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, लांगपी देहांगी रूरल बैंक शामिल हैं, के साथ करार हस्ताक्षरित किए हैं। एक गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनी – लघु वित्त संस्थान, जिसमें संबंध फिन सर्व प्राइवेट लिमिटेड शामिल है, के साथ भी करार हस्ताक्षरित हुआ है।

**(ii) स्वच्छ भारत अभियान**

सरकार के निर्देशों के अनुपालन में आपके निगम ने, वोकहार्ड फाउंडेशन के सहयोग से, स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली के निकट स्थित चित्रा विहार, दिल्ली में स्लम क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य–विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम के दो चरण आयोजित किए। चित्रा विहार, दिल्ली के सामने स्थित जेजे क्लस्टर के अंतर्गत आने वाली एक स्लम बस्ती को चुना गया था।

पहले दिन अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक ने स्लम क्षेत्र को स्वच्छ और स्वास्थ्यकर रखने की दृष्टि से, बस्ती में स्वच्छता और स्वास्थ्य तथा मिलकर कार्य करने की आवश्यकता के मुद्दे पर स्लम बस्ती के निवासी, दिल्ली नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारी और एनएसएफडीसी के वालंटियरों की एकत्र जनसभा को संबोधित किया। वोकहार्ड फाउंडेशन की सहायता से, स्लम क्षेत्रों के निवासियों के लिए एक निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया और स्लम निवासियों के लिए एक निःशुल्क, स्त्रीरोग–विज्ञान परामर्श शिविर आयोजित किया गया।

वोकहार्ड द्वारा आपूर्ति की गई 'शुद्धु गोलियां' (जलशोधक गोलियां) स्लम क्षेत्रों में रह रहे परिवारों को निःशुल्क वितरित की गई और वालंटियरों ने 'शुद्धु गोलियों' का इस्तेमाल करने में लोगों का मार्गदर्शन और सहायता की।

वालंटियरों ने स्लम में बड़े आकार की प्लास्टिक बाल्टियां वितरित कीं और इन प्लास्टिक बाल्टियों के इस्तेमाल के बारे में लोगों को जागरूक किया। एनएसएफडीसी के वालंटियरों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य–विज्ञान अभियान के लिए घर–घर जाकर संदेश दिया और स्वास्थ्य–विज्ञान तथा अस्वच्छ शौचालय से स्वच्छ शौचालय में रूपांतरित करने की आवश्यकता पर परिवार के सदस्यों को परामर्श दिया।

एनएसएफडीसी ने स्वच्छता पखवाड़े के दौरान दिल्लीं नगर निगम के पदाधिकारियों और

कर्मचारियों के समर्पित कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया ताकि चित्रा विहार के स्लम में भविष्य में अपनी ड्यूटी अधिक परिश्रम से करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके। चित्रा विहार में स्लम के निवासियों ने, 'अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस' के अवसर पर उनके बीच बंधन के एक प्रतीक के रूप में, दिल्ली नगर निगम के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों के हाथों पर मित्रता बैंड बांधे।

स्लम में रह रहे कुछ बच्चों के साथ–साथ एनएसएफडीसी के वालंटियरों ने "छोड़ दो गंद फैलाना – रखो स्वच्छ गली–गली – हमारा भारत स्वच्छ रहे" नारे लगाते हुए चित्रा विहार स्लम की सड़कों और गलियों में रैली निकाली।

**(iii) एमएसई के लिए सार्वजनिक प्रापण (Procurement) नीति**

सूक्ष्म और लघु उद्योग (एमएसई) आदेश, 2012 की सार्वजनिक खरीद नीति के अधिदेश के अनुसार केंद्रीय मंत्रालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अपने वार्षिक वस्तुओं और सेवाओं की कुल खरीद का 20% सूक्ष्म और लघु उद्योगों (एमएसई) से करना होगा। सरकार ने इसके अलावा, इस 20% में से 4% वस्तुओं और सेवाओं की खरीद अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के स्वामित्व वाली एमएसई से करने के लिए चिह्नित किया है। सूक्ष्म और लघु उद्योग (एमएसई) आदेश, 2012 की सार्वजनिक नीति के अनुपालन में, निगम ने वर्ष 2016–17 के दौरान अपेक्षित लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। सूक्ष्म और लघु उद्योग (एमएसई) आदेश, 2012 की सार्वजनिक नीति के अनुपालन में, वर्ष 2016–17 के दौरान, एमएसएमई उद्यमियों से प्रापण के 20% के लक्ष्य की तुलना में आपके निगम ने 25.92% प्राप्त किया और अ.जा./अ.ज.जा. के एमएसएमई उद्यमियों से प्रापण के लिए 4% के लक्ष्य की तुलना में आपके निगम ने 9.87% प्राप्त किया।

**(iv) ऋण प्रबंधन सॉफ्टवेयर का विकास**

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने राष्ट्रीय सूचनात्मक केंद्र सेवाएं अधिनिगमित (एनआईसी/एनआईसीएसआई), इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की सहायता से ऋण प्रबंधन सॉफ्टवेयर तैयार किया है। यह सॉफ्टवेयर प्रचालनात्मक दक्षता में सुधार करेगा और वित्तीय लेन–देनों की कार्रवाई में प्रयासों और समय को कम करेगा। यह सॉफ्टवेयर निगम के मुख्य कार्यालय में कार्यान्वित किया गया है। ऋण प्रबंधन सॉफ्टवेयर के विकास को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से जन उद्यम विभाग को संसूचित किया गया था।

**(v) अनुसूचित जाति कारीगर क्लस्टर का विकास**

अनुसूचित जाति के कारीगरों को अधिक लाभ उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार की योजनाओं के कवरेज की दृष्टि से आपके निगम ने फरवरी, 2017 में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय के साथ एक समझौता–ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। समझौता–ज्ञापन का मूल उद्देश्य, हस्तशिल्प के क्षेत्र में क्लस्टर स्तर पर, उच्च मूल्य के गुणवत्ता हस्तशिल्पों के उत्पादन और निपटान को बढ़ावा देकर अनुसूचित जाति के कारीगरों और उनके परिवारों की सहायता करना है।

### (vi) सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का सुदृढ़ीकरण

आपका निगम विभिन्न रिपोर्टों के सृजन के लिए आंतरिक रूप से तैयार किए गए मॉड्यूल में परियोजना संबंधी आंकड़ों के लिए डाटाबेस अनुरक्षित कर रहा है। विभिन्न वायरसों, स्पाईवेयर, एडवेयर और अन्य दोषपूर्ण प्रोग्रामों के प्रति आंकड़ों, हार्डवेयर और नेटवर्किंग के व्यापक संरक्षण के लिए आपके निगम ने एंटी वायरस सॉफ्टवेयर संस्थापित किया है, जिसे आवधिक रूप से अपडेट किया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण के सुदृढ़ीकरण हेतु रिपोर्ट वर्ष के दौरान, पीसी, लैपटॉप, सहायक उपकरण और बाह्य उपकरणों का प्रापण किया गया।

आपके निगम ने वर्ष के दौरान, नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा डिजाइन और विकसित की गई दिव्यांग–अनुकूल, गतिशील द्विभाषी वेबसाइट बनाई है। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने निम्नलिखित पहलें की, अर्थात्

- ☞ सभी आवश्यक पूर्वापेक्षा पूरी करने के पश्चात् ई–कार्यालय का कार्यान्वयन, एनएसएफडीसी प्रधान कार्यालय में प्रक्रियाधीन है।
- ☞ नया वेब–आधारित एनएसएफडीसी का ऋण लेखांकन सॉफ्टवेयर वर्तमान में परीक्षण चरण के साथ–साथ समानांतर चल रहा है।
- ☞ नई गतिशील, दिव्यांग–अनुकूल और द्विभाषी वेबसाइट, जो वेब–आधारित कौशल प्रशिक्षण अनुप्रयोग के साथ–साथ भारत सरकार वेबसाइट के दिशानिर्देशों (जीआई. जीडब्ल्यू) का अनुपालन है, मौजूदा वेबसाइट को प्रतिस्थापित करके एनआईसी क्लाउड सर्वर में लगाए जाने की प्रक्रिया में है।

### (vii) कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत निधियों को जुटाना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के प्रावधानों के तहत बोर्ड रिपोर्ट में कुछ प्रकटन करने होते हैं । आपका निगम, अधिनियम की अनुसूची–VII में उल्लिखित गतिविधियों को पूरा करता है। इस अधिनियम की धारा–8 के अंतर्गत आने वाली कंपनियों का उल्लेख 27.02.2014 को जारी अधिसूचना के तहत नए कंपनी नियम, 2014 (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) में भी है कि वे कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियां होंगी।

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने लाभ कमाने वाले केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के दो उद्यमों, नामतः आईएफसीआई लिमिटेड और ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी) से कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त की। इसके अलावा, 2016–17 और पिछले वर्षों से संबंधित सीएसआर कार्यक्रमों के अंतर्गत पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ओएनजीसी), आईएफसीआई सोशल फाउंडेशन, कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉन्कोर) और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से 2.83 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त की।

## आगे का मार्ग

आपका निगम, आर्थिक वृद्धि को तीव्रता प्रदान करने के लिए और आय बढ़ाने के लिए लक्ष्य समूह के सहायतार्थ नवीन दृष्टिकोणों को अपनाएगा। सहायता का केंद्र बिंदु आर्थिक कार्यों, व्यावसायिक/तकनीकी शिक्षा तथा रोजगार प्रदान करने वाले कौशल विकास में बना रहेगा। भौगोलिक दृष्टि से लक्ष्य समूह की बहुलता वाले

क्षेत्रों पर विशेषतः देश के पिछड़े जिलों को प्रधानता होगी। आपका निगम, अनुसूचित जाति के मध्य उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बहु–उद्देशीय कार्यनीति अपनाने के लिए विद्यमान सहयोगी संबंधों को बनाए रखते हुए, चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों को नया भागीदार बनाएगा।

**आभारोक्ति**

कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, मैं आपकी सतत सहायता और बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। मैं, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की पर्याप्त सहायता और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, लोक उद्यम विभाग, राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्र के प्रशासनों का भी आभार व्यक्त करता हूं। मैं, विभिन्न राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों, केनरा बैंक, विजया बैंक, देना बैंक और 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी), जिसमें असम ग्रामीण विकास बैंक, पल्लावन ग्रामा बैंक, पंजाब ग्रामीण बैंक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यवर्त, पांडयन ग्रामा बैंक, मध्यांचल ग्रामीण बैंक, आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक, पुडुवई भरतियार ग्रामा बैंक, कावेरी ग्रामीण बैंक, सप्तगिरि ग्रामीण बैंक, सतलुज ग्रामीण बैंक, नर्मदा झबुआ ग्रामीण बैंक, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, बिहार ग्रामीण बैंक, लांगपी देहांगी रूरल बैंक, संबंध फिन सर्व प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं, से प्राप्त सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता हूं।

मैं, प्रशिक्षण संस्थानों को, जिनके कारण लक्ष्य समूह के लिए रोजगार के मौके उपलब्ध हुए हैं, उनके सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं।

मैं, अपने निगम के सभी कर्मचारियों के निष्ठापूर्वक प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करता हूं जिसकी वजह से हम उच्च लक्ष्य प्राप्त कर सके। मैं इस यात्रा में सभी स्टेक होल्डरों के सतत सहयोग की आशा करता हूं।

**(श्याम कपूर)**

**अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक**

**स्थान : दिल्ली**

**दिनांक : 22 सितंबर, 2017**

# निदेशक मंडल की रिपोर्ट (2016–17)

आपके निगम की 28वीं वार्षिक आम बैठक में, मैं आपका स्वागत करता हूं। वार्षिक आम बैठकें, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों, लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा लेखों पर नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अभ्युक्तियों के साथ आपके निगम की प्रगति पर चर्चा करने के लिए अवसर है।

## 1. निगम की रूपरेखा

आपका निगम, नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के रूप में भारत सरकार द्वारा 08 फरवरी, 1989 को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 के अधीन धारा 8) के अंतर्गत 'लाभ–निरपेक्ष कंपनी' के रूप में स्थापित किया गया था। इसने 09.04.2001 तक अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति दोनों लक्ष्य समूहों की आवश्यकताओं को पूरा किया है। निगम का, 10.04.2001 को, जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति लक्ष्य समूह के लिए नेशनल शेड्यूल्ड ट्राइब्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सृजन के कारण द्विभाजन हुआ। इसके द्विभाजन के परिणामस्वरूप, आपका निगम अब पूर्णतः अनुसूचित जाति के लक्ष्य समूह की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

### 1.1 दृष्टि

गरीबी रेखा के दुगुने से कम पर जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के सामाजिक–आर्थिक विकास के माध्यम से व्यवस्थित प्रकार से गरीबी को कम करने के लिए चैनलाइजिंग एजेंसियों और अन्य विकास भागीदारों के साथ प्रभारी, उत्तरदायी और सहयोगात्मक तरीके से प्रमुख उत्प्रेरक के रूप में कार्य करना।

### 1.2 लक्ष्य

वित्तीय सहायता के प्रवाह में सुधार और कौशल विकास एवं अन्य नवीन पहलों के माध्यम से अनुसूचित जातियों की समृद्धि को बढ़ावा देना।

### 1.3 उद्देश्य

आपके निगम के संस्था के ज्ञापन–पत्र (मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन) में, प्राप्त किए जाने वाले निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों की सूची दी गई है:

(i) अनुसूचित जाति की आबादी के लिए ट्रेडों और अन्य महत्वपूर्ण आर्थिक क्रियाकलापों की पहचान करना।

(ii) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के कौशल और उनके द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रक्रियाओं को उन्नत बनाना।

(iii) छोटे, कुटीर और ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देना।

(iv) अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के उत्थान और आर्थिक कल्याण के लिए विशेष कार्यक्रमों को वित्तपोषित करना।

चैनलाइजिंग एजेंसियों को 500.00 करोड़ रुपए के लक्ष्य (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) की तुलना में 550.90 करोड़ रुपए के मूल्य के प्रस्ताव स्वीकृत किए।

### 2.1.2 निधियों का संवितरण

वर्ष के दौरान, आपके निगम ने, 82,105 लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों/ चैनलाइजिंग एजेंसियों को 60 प्रतिशत के लक्ष्य (समझौता–ज्ञापन के अंतर्गत 'उत्कृष्ट' लक्ष्य) के प्रति 478.98 करोड़ रुपए अर्थात् 2016–17 के दौरान उपलब्ध कुल निधियों का 60.78 प्रतिशत संवितरित किया।

### 2.1.2(क) संवितरण और शामिल लाभार्थियों के योजना–वार ब्योरे

वर्ष 2016–17 और उससे पूर्व वर्ष के लिए संवितरण और शामिल लाभार्थियों के ब्योरे नीचे दिए जा रहे हैं:

| क्रम सं. | योजना | राशि (करोड़ रुपए में) | | लाभार्थी (संख्या) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 |
| क. | **मियादी ऋण योजना** | | | | |
| (i) | मियादी ऋण | 88.71 | 184.75 | 4,878 | 13,592 |
| (ii) | महिला किसान योजना | 0.34 | 0.35 | 86 | 86 |
| (iii) | शिल्पी समृद्धि योजना | 0.19 | 0.18 | 46 | 46 |
| (iv) | लघु व्यवसाय योजना | 143.01 | 169.39 | 15,797 | 11,954 |
| (v) | शिक्षा ऋण योजना | 9.80 | 7.06 | 399 | 308 |
| (vi) | व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण ऋण योजना | 0.00 | 0.28 | 0 | 21 |
| | **उप–कुल (क)** | **242.05** | **362.01** | **21,206** | **26,007** |
| ख. | **लघु ऋण योजना** | | | | |
| (i) | लघु ऋण वित्त योजना | 37.67 | 29.16 | 8,879 | 7,267 |
| (ii) | महिला समृद्धि योजना | 98.97 | 87.81 | 41,738 | 48,831 |
| (iii) | आजीविका माइक्रोफाइनेंस योजना | 0.25 | 0.00 | 92 | 0 |
| | **उप–कुल (ख)** | **136.89** | **116.97** | **50,709** | **56,098** |
| | **सकल कुल [(क) + (ख)]** | **378.94** | **478.98** | **71,915** | **82,105** |

वित्तपोषण के मुख्य गतिविधियों के अंतर्गत वित्तपोषित लाभार्थियों की संख्या का राज्य–वार/ संघ शासित क्षेत्र–वार/सेक्टर–वार/क्रियाकलाप–वार विवरण **अनुलग्नक–IV** पर है।

## 2.1.2(ख) संवितरण और शामिल लाभार्थियों के क्षेत्र–वार ब्योरे:

| क्रम सं. | योजना | राशि (करोड़ रुपए में) | | लाभार्थी (संख्या) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 |
| (i) | मियादी ऋण | | | | |
| (क) | प्राथमिक सेक्टर (भूमि, खरीद, सिंचाई और अन्य संबद्ध क्रियाकलाप) | 14.43 | 82.17 | 594 | 7,872 |
| (ख) | द्वितीयक सेक्टर (उद्योग) | 0.26 | 0.26 | 26 | 13 |
| (ग) | तृतीयक सेक्टर (सेवा व परिवहन) | 74.02 | 102.32 | 4,258 | 5,707 |
| | **जोड़ (क) + (ख) + (ग)** | **88.71** | **184.75** | **4,878** | **13,592** |
| (ii) | महिला किसान योजना (प्राथमिक सेक्टर) | 0.34 | 0.35 | 86 | 86 |
| (iii) | शिल्पी समृद्धि योजना (एकल) | 0.19 | 0.18 | 46 | 46 |
| (iv) | लघु व्यवसाय योजना | 143.01 | 169.39 | 15,797 | 11,954 |
| (v) | लघु ऋण वित्त योजना | 37.67 | 29.16 | 8,879 | 7,267 |
| (vi) | महिला समृद्धि योजना | 98.97 | 87.81 | 41,738 | 48,831 |
| (vii) | आजीविका माइक्रो फाइनेंस योजना | 0.25 | 0.00 | 92 | 0 |
| (viii) | शिक्षा ऋण योजना | 9.80 | 7.06 | 399 | 308 |
| (ix) | वोकेशनल शिक्षा एवं प्रशिक्षण ऋण योजना | 0.00 | 0.28 | 0 | 21 |
| | **सकल जोड़ (i से ix)** | **378.94** | **478.98** | **71,915** | **82,105** |

## 2.1.2(ग) समझौता–ज्ञापन लक्ष्य की तुलना में उपलब्धियां (2016–17)

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए समेकित समझौता–ज्ञापन लक्ष्य और उपलब्धियां **अनुलग्नक–V** पर दी गई हैं। 'उत्कृष्ट' श्रेणी के अंतर्गत सभी समझौता–ज्ञापन लक्ष्य हासिल किए गए हैं सिवाय अधिशेष/निवल मूल्य के। लेखापरीक्षित आंकड़ों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कुल भारित अंक 97.18 हैं, जो 'उत्कृष्ट' रेटिंग के अनुरूप हैं।

## 2.1.2(घ) राज्य/संघ शासित–वार ब्योरा

पिछले वर्ष (2015–16) की तुलना में 2016–17 के दौरान राज्य–वार/संघ शासित क्षेत्र–वार/योजना–वार संवितरण तथा लाभार्थियों का समावेशन दर्शाने वाले ब्योरे और ग्राफ निम्नलिखित विवरण में दिए गए हैं:

| क्र.सं. | विवरण | अनुलग्नक |
|---|---|---|
| (i) | गत वर्ष (2015–16) और चालू वर्ष (2016–17) के दौरान राज्य–वार/संघ शासित क्षेत्र–वार/योजना–वार संवितरित निधियां | VI |
| (ii) | चालू वर्ष (2016–17) के दौरान शामिल किए गए राज्य–वार/संघ शासित क्षेत्र–वार/योजना–वार/लिंग–वार लाभार्थी | VII |
| (iii) | चालू वर्ष (2016–17) के दौरान मियादी ऋण के अंतर्गत राज्य–वार/संघ शासित क्षेत्र–वार/सेक्टर–वार संवितरित निधियां और शामिल किए गए लाभार्थी | VIII |
| (iv) | चालू वर्ष (2016–17) के दौरान मियादी ऋण के तहत शामिल किए गए राज्य–वार/संघ शासित क्षेत्र–वार/ योजना–वार/ लिंग–वार लाभार्थी | IX |

3. **प्रचालनात्मक कार्य–निष्पादन के संदर्भ में वित्तीय निष्पादन**

3.1 **आय और व्यय लेखा**

(i) वर्ष 2016–17 के दौरान, निगम की आय रु.60.17 करोड़ से बढ़कर रु.64.09 करोड़ हो गई।

(ii) कर्मचारी लागत सहित कुल व्यय रु.16.05 करोड़ लाख से घटकर 2016–17 में रु.14.47 करोड़ हो गया।

(iii) वर्ष के दौरान, रु.0.03 करोड़ की राशि के अशोध्य और संदिग्ध ऋण के लिए निवल प्रावधान किया गया।

(iv) व्यय से आय की अधिकता, वर्ष 2015–16 के दौरान रु.44.12 करोड़ की तुलना में 2016–17 के दौरान रु.49.62 करोड़ है।

3.2 **निवल संपत्ति**

निगम की निवल संपत्ति 2015–16 के दौरान रु.1456.44 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2016–17 में रु.1645.87 करोड़ हो गई है।

3.3 **प्रति शेयर अर्जन**

प्रति इक्विटी शेयर अर्जन वर्ष 2015–16 के लिए रु.44.34 और रु. 43.99 (मूलभूत और तरलीकृत) की तुलना में वर्ष 2016–17 के दौरान रु. 43.69 और रु. 43.67 (मूलभूत और तरलीकृत) है।

3.4 **लाभ का विनियोजन**

निगम व्यय से आय की अधिकता का 10% विशेष आरक्षित निधि में तथा शेष राशि सामान्य आरक्षित में अंतरित करता है। तद्नुसार, विशेष आरक्षित निधि में रु.4.96 करोड़ विनियोजित किया है और सामान्य आरक्षित में भावी संवितरण करने के लिए रु.44.66 करोड़ अंतरित किया है।

3.5 **भारत सरकार से इक्विटी सहायता**

वर्ष के दौरान, निगम ने भारत सरकार से रु.138.00 करोड़ की इक्विटी सहायता प्राप्त की और रु.478.98 करोड़ के ऋण संवितरित किए।

3.6 **एनपीए/ऋण परिसंपत्तियां**

वर्ष के दौरान एनपीए/ऋण परिसंपत्तियों का प्रतिशत 0.67 प्रतिशत है।

3.7 **प्रचालनों से राजस्व**

वर्ष के दौरान आपके निगम के प्रचालनों से राजस्व 28.88 करोड़ रुपए है।

3.8 **कर–पूर्व अधिशेष (अन्य आय, असामान्य और असाधारण मदों को छोड़कर)**

वर्ष के दौरान, आपके निगम का कर–पूर्व अधिशेष (अन्य आय, असामान्य और असाधारण मदों को छोड़कर) 14.41 करोड़ रुपए है।

3.9 **पिछले वर्ष में ऋण के रूप में स्वीकार न किए गए कंपनी के विरुद्ध दावों, केंद्रीय**

**सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों और अन्यों द्वारा किए गए दावों की संख्या सीमित करना**

वर्ष के दौरान, आपके निगम के विरुद्ध कोई ऐसा दावा नहीं है, जिसे ऋण के रूप में मान्यता नहीं दी गई।

**3.10 संवितरण/स्वीकृत ऋण**

वर्ष के दौरान, आपके निगम के संवितरण/ऋण स्वीकृति का प्रतिशत 86.94% है।

**3.11 ऋण परिसंपत्तियों की तुलना में अतिदेय ऋण**

वर्ष के दौरान, आपके निगम की ऋण परिसंपत्तियों की तुलना में अतिदेय ऋण का प्रतिशत 26.86% है।

**3.12 अधिशेष/निवल मूल्य**

वर्ष के दौरान, आपके निगम के अधिशेष/निवल मूल्य का प्रतिशत 3.01% है।

**4. निगम की कार्य पद्धति में सुधार**

**4.1 समझौता–ज्ञापन 'उत्कृष्टता' श्रेणीकरण (2015–16)**

आपके निगम ने लोक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के माध्यम से लेखापरीक्षित आंकड़ों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए समझौता–ज्ञापन प्रस्तुत किया। लोक उद्यम विभाग, भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार ने समझौता–ज्ञापन के लिए 100% का कंपोजिट स्कोर और 'उत्कृष्ट' श्रेणी प्रदान की है।

**4.2 सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली का सुदृढ़ीकरण**

आपका निगम विभिन्न रिपोर्टों के सृजन के लिए आंतरिक रूप से तैयार किए गए मॉड्यूल में परियोजना संबंधी आंकड़ों के लिए डाटाबेस अनुरक्षित कर रहा है। विभिन्न वायरसों, स्पाईवेयर, एडवेयर और अन्य दोषपूर्ण प्रोग्रामों के प्रति आंकड़ों, हार्डवेयर और नेटवर्किंग के व्यापक संरक्षण के लिए आपके निगम ने एंटी वायरस सॉफ्टवेयर संस्थापित किया है, जिसे आवधिक रूप से अपडेट किया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण के सुदृढ़ीकरण हेतु रिपोर्ट वर्ष के दौरान, पीसी, लैपटॉप, सहायक उपकरण और बाह्य उपकरणों का प्रापण किया गया।

आपके निगम ने वर्ष के दौरान, नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा डिजाइन और विकसित की गई दिव्यांग–अनुकूल, गतिशील द्विभाषी वेबसाइट बनाई है। वर्ष के दौरान, आपके निगम ने निम्नलिखित पहलें की, अर्थात्

- सभी आवश्यक पूर्वापेक्षा पूरी करने के पश्चात ई–कार्यालय का कार्यान्वयन, एनएसएफडीसी मुख्यालय में प्रक्रियाधीन है।
- नया वेब–आधारित एनएसएफडीसी का ऋण लेखांकन सॉफ्टवेयर वर्तमान में परीक्षण चरण के साथ–साथ समानांतर चल रहा है।
- नई गतिशील, दिव्यांग–अनुकूल और द्विभाषी वेबसाइट, जो वेब–आधारित कौशल प्रशिक्षण अनुप्रयोग के साथ–साथ भारत सरकार वेबसाइट के दिशानिर्देशों (जीआईजीडब्ल्यू) का अनुपालन है, मौजूदा वेबसाइट को प्रतिस्थापित करके एनआईसी क्लाउड सर्वर में लगाए जाने की प्रक्रिया में है।

7. **कर्मचारी और संबंधित प्रकटन का विवरण**

अधिनियम की धारा 197(12) के प्रावधान और कंपनी नियम, 2014 के नियम 5(2) 5(3) (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) के संबंध में पूर्ण वर्ष तक नियोजित रहे कर्मचारियों, जिन्हें उक्त नियमों में दी सीमा से अतिरिक्त पारिश्रमिक प्राप्त हुआ है, के नाम और विवरण इसके साथ **अनुलग्नक–XV** पर अनुबद्ध हैं।

पारिश्रमिक संबंधी प्रकटन और अधिनियम की धारा 197(2) और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(1) के तहत आवश्यक अन्य विवरणों को वार्षिक लेखे में दिया गया है।

8. **कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर)**

'कंपनी अधिनियम–2013' के अनुसार, निगम में कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व और सतत विकास (एसडी) नीति है और वित्तीय वर्ष 2016–17 में सीएसआर की गतिविधियों के लिए पिछले लगातार तीन वित्तीय वर्षों के दौरान प्राप्त निवल लाभ के 2 प्रतिशत का बजटीय आबंटन किया गया है।



एनएसएफडीसी की निगमित सामाजिक दायित्व गतिविधियों के तहत सिपेट, विजयवाड़ा के माध्यम से मशीन प्रचालक पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।

2016–17 के दौरान, प्रशिक्षण पर आंशिक भुगतान के रूप में जारी किया गया प्रशिक्षण व्यय 97.07 लाख रुपए है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान प्रशिक्षण के राज्य–वार/ट्रेड–वार ब्योरे **अनुलग्नक–X(क) और (ग)** में उपलब्ध हैं।

9. **कॉरपोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट**

कंपनी, कॉरपोरेट गवर्नेंस के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और कंपनी अधिनियम, 2013 तथा लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा निर्धारित कॉरपोरेट गवर्नेंस का पालन करती है। कॉरपोरेट गवर्नेंस की रिपोर्ट इस रिपोर्ट का अविभाज्य अंग है और **अनुलग्नक–XVI** पर है। कंपनी के लेखापरीक्षकों से प्राप्त अपेक्षित प्रमाण–पत्र कॉरपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करते हैं एवं कॉरपोरेट गवर्नेंस की रिपोर्ट **अनुलग्नक–XVII** पर अनुबद्ध हैं।

10. **निदेशक मंडल**

निदेशक मंडल की अध्यक्षता, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री रबीन्द्र कुमार सिंह (29.07.2016 तक) और श्री श्याम कपूर (29.07.2016 से) ने की। दिनांक 31.03.2017 को बोर्ड में 6 सदस्य थे। कृपया अतिरिक्त ब्योरों के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट के साथ संबद्ध कॉरपोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट का संदर्भ लें।

11. **निदेशक मंडल की बैठकें**

समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, निदेशक मंडल की तीन बैठकें आयोजित हुईं। कृपया अतिरिक्त ब्योरों के लिए इस वार्षिक रिपोर्ट के साथ अनुबद्ध कॉरपोरेट गवर्नेंस पर रिपोर्ट का संदर्भ लें।

वर्ष के दौरान, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का सार इस प्रकार है:

| तिमाही | बोर्ड बैठक की क्रम संख्या | तारीख | महत्वपूर्ण नीति निर्णय का सार / समीक्षा | |
|---|---|---|---|---|
| I | 142 | 13.07.2016 | 1 | 8,36,700 शेयरों का निर्गमन । |
| | | | 2 | निदेशकों द्वारा हित का प्रकटीकरण । |
| | | | 3 | गुवाहाटी और लखनऊ में एनएसएफडीसी के संपर्क केंद्रों के परिसमापन का प्रस्ताव । |
| | | | 4 | संशोधित कौशल विकास प्रशिक्षण नीति । |
| | | | 5 | वोकहार्ड फाउंडेशन के माध्यम से मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव में कौशल प्रशिक्षण । |
| | | | 6 | आधार (वित्तीय और अन्य आर्थिक सब्सिडियों, लाभों और सेवाओं का लक्षित आपूर्ति) अधिनियम, 2016 का कार्यान्वयन । |
| | | | 7 | 31.03.2016 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखाओं का अनुमोदन और प्रमाणीकरण तथा वार्षिक आम बैठक आयोजित करना । |
| | | | 8 | 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए निगम के शेयरधारकों द्वारा निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अंगीकरण । |
| II | 143 | 05.09.2016 | 1 | नेशनल शेड्यूल्ड कास्ट्स फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएसएफडी) के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के रूप में श्री आर.के. सिंह के स्थान पर श्री श्याम कपूर की नियुक्ति और नए अ.प्र.नि. को शक्तियों का प्रत्यायोजन। |
| | | | 2 | 13,62,200 शेयरों का निर्गमन । |
| | | | 3 | वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अंतर्गत सांविधिक लेखापरीक्षकों की नियुक्ति। |
| | | | 4 | 'राज्य चैनलाइजिंग एजेंसियों के लिए कार्य–निष्पादन उत्कृष्टता हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार (एनएपीई)' योजना और 'वसूली अवसंरचना तैयार करने के लिए एससीए हेतु प्रोत्साहन योजना (आईएसएसडीआरआई) का परिशिष्ट। |

| तिमाही | बोर्ड बैठक की क्रम संख्या | तारीख | महत्वपूर्ण नीति निर्णय का सार/समीक्षा | |
|---|---|---|---|---|
| III | 144 | 05.12.2016 | 1 | क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को निधियों के संवितरण के लिए प्रूडेंशियल नॉर्म में संशोधन। |
| | | | 2 | लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य–निष्पादन से जुड़ा वेतन तय करने के लिए पारिश्रमिक समिति के पुनर्गठन के संबंध में प्रस्ताव। |
| | | | 3 | नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा के दौरान वार्षिक लेखाओं 2015–16 पर टिप्पणियां। |

## 11.1 पारिश्रमिक समिति

वर्ष 2016–17 के दौरान, पारिश्रमिक समिति के पुनर्गठन का निर्णय लंबित होने के कारण पारिश्रमिक समिति की बैठक नहीं हो सकी।

## 11.2 लेखापरीक्षा समिति

यह निगम, एक लाभ निरपेक्ष कंपनी के रूप में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 (पहले कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25) के अंतर्गत पंजीकृत है। यह न तो कोई पब्लिक कंपनी है और न ही किसी पब्लिक कंपनी की कोई सहायक कंपनी है। यह एक प्राइवेट सरकारी कंपनी है और किसी स्टॉक एक्सचेंज के साथ सूचीबद्ध नहीं है। चूंकि यह कंपनी, सूचीबद्ध पब्लिक कंपनी की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती, इसलिए लेखापरीक्षा समिति के गठन का उपबंध इस निगम पर लागू नहीं होता। तथापि, लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी किए गए, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉरपोरेट गवर्नेंस दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति 14.01.2016 को गठित की गई थी।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, डीपीई द्वारा जारी कॉरपोरेट गवर्नेंस दिशानिर्देशों के अनुपालन में, 14.01.2016 को 140वीं बोर्ड बैठक में डीपीई द्वारा निहित संदर्भ की शर्तों के अनुसार लेखापरीक्षण समिति का गठन किया गया, जो कि वित्तीय वर्ष 2016–17 से प्रभावी होगी।

लेखापरीक्षा समिति का गठन, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 की शर्तें पूरी करता है। कंपनी की लेखापरीक्षा समिति में चार निदेशक शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान श्रीमती टी.सी.ए. कल्याणी, लेखापरीक्षा समिति की अध्यक्ष थीं। कंपनी की कंपनी सचिव श्रीमती अन्नु भोगल, लेखापरीक्षा समिति की सचिव हैं।

